**दिनांक 04.05.2023 (गुरूवार) को अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार पटना एवं सचिव–सह–निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय की अध्यक्षता में विशेष सर्वेक्षण संचालित जिलो के कार्य प्रगति की जूम के माध्यम से की गई साप्ताहिक समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाही।**

---

दिनांक 04.05.2023 (गुरूवार) को अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार पटना एवं सचिव–सह–निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय द्वारा सहायक निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप एवं जिलों के नोडल पदाधिकारी के साथ विशेष सर्वेक्षण संचालित जिलों के बन्दोबस्त पदाधिकारी, अपर समाहर्त्ता–सह–प्रभारी पदाधिकारी बन्दोबस्त एवं सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी(मु0) के साथ जिलो के कार्य प्रगति की समीक्षा की गई।

समीक्षोपरान्त प्राप्त प्रतिवेदन एवं निदेश निम्नवत् है :–

1. बैठक सर्वप्रथम जिलावार 2500 खेसरो से कम खेसरो वाले ग्रामों में वर्तमान प्रगति एवं मई तथा जून के लिए निर्धारित लक्ष्य के अनुसार कार्य की समीक्षा की गई। इस क्रम में प्रत्येक जिले से 2500 खेसरो से कम वाले ग्रामों की संख्या के साथ मई एवं जून में प्रारूप अधिकार अभिलेख प्रकाशित किये जाने वाले ग्रामों की संख्या प्रतिवेदित करने का निदेश दिया गया है। निदेश के आलोक में प्रत्येक जिले से प्राप्त प्रतिवेदन निम्नवत् है :–

| क्र0सं0 | जिला | 2500 से कम खेसरे वाले राजस्व ग्रामों की स्थिति | | | | मई, 2023 पूर्ण किये जाने वाले राजस्व ग्रामों की कुल संख्या | जून, 2023 पूर्ण किये जाने वाले राजस्व ग्रामों की कुल संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | MIS के अनुसार | जिला के अनुसार | प्रारूप प्रकाशित ग्रामों की संख्या | अवशेष | | |
| 1 | अररिया | 51 | 73 | 25 | 26 | 8 | 18 |
| 2 | अरवल | 189 | 185 | 23 | 165 | 44 | 36 |
| 3 | बांका | 174 | 174 | 75 | 101 | 25 | 76 |
| 4 | बेगूसराय | 294 | 294 | 163 | 131 | 21 | 66 |
| 5 | जमुई | 69 | 69 | 25 | 45 | 38 | 50 |
| 6 | जहानाबाद | 165 | 159 | 42 | 122 | 70 | 52 |
| 7 | कटिहार | 122 | 116 | 44 | 64 | 20 | 44 |
| 8 | खगड़िया | 92 | 79 | 11 | 81 | 15 | 58 (July-8) |
| 9 | किशनगंज | 279 | 269 | 14 | 262 | 5 मई तक–17<br>31 मई तक–53 | 100 |
| 10 | लखीसराय | 259 | 245 | 85 | 161 | 10 मई –16<br>31 मई –40 | 105 |
| 11 | मधेपुरा | 70 | 61 | 37 | 30 | 7 | 18 (July-5) |
| 12 | मुंगेर | 280 | 251 | 146 | 97 | 30 | 67 |
| 13 | नालंदा | 222 | 211 | 96 | 115 | 33 | 78 |
| 14 | पूर्णियाँ | 53 | 53 | 30 | 24 | 8 | 16 |
| 15 | सहरसा | 48 | 40 | 12 | 28 | 15 मई –3<br>22 मई – 4 | 21 |
| 16 | शेखपुरा | 179 | 160 | 149 | 19 | 10 | 9 |
| 17 | शिवहर | 48 | 29 | 8 | 20 | 4 | 16 |
| 18 | सीमामढ़ी | 132 | 91 | 21 | 66 | 14 | 25 (7.7.23–27) |
| 19 | सुपौल | 70 | 69 | 68 | 21 | 7 | 14 |
| 20 | पश्चिम चम्पारण | 153 | 153 | 72 | 79 | 20 | 31 (15.7.23 to Rest) |

उपरोक्त जिलास्तरीय प्रतिवेदन एवं समीक्षा उपरान्त निम्नांकित निदेश दिए गए :–

(i) 2500 से कम खेसरों वाले राजस्व ग्रामों की जिलावार कुल संख्या के संबंध में जिला एवं निदेशालय स्तर से प्राप्त प्रतिवेदन की भिन्नता को देखते हुए इसकी जिलावार समीक्षा कर सुधार कर लिया जाए। साथ ही आई0टी0 सेल को निदेशित किया गया कि वैसे जिलो/शिविरों की जाँच कर स्पष्ट रूप से जिलावार यह प्रतिवेदन तैयार किया जाए कि किस जिला एवं शिविर द्वारा किन राजस्व ग्रामों 2500 खेसरों वाली सूची से हटाकर उससे अधिक खेसरों वाली सूची में डाला गया है और इस परिवर्तन का आधार क्या है, आधार यदि मान्य न हो संबंधित कर्मी के विरूद्ध कार्रवाई का प्रस्ताव दिया जाए।

(ii) आगामी समीक्षात्मक बैठक क पूर्व जिलावार 2500 खेसरो से कम वाले ग्राम जिनमें प्रारूप अधिकार अभिलेख प्रकाशित नहीं किया गया है उसमें प्रत्येक जिले में 10–10 ऐसे ग्रामों की सूची बनाई जाए एवं उस ग्राम में चल रहे प्रक्रमवार कार्य की गैप एनालाइसिस रिपोर्ट निकालकर वैसे कर्मियों के विरूद्ध कार्रवाई का प्रस्ताव उपस्थापित किया जाए, जिनके स्तर के कार्य में लापरवाही की जा रही है और बिना किसी ठोस कारण प्रक्रमवार कार्यो को पूरा करने में बहुत अधिक समय लगाया गया है।

(iii) सभी जिलो को निदेशित किया गया कि विशिष्ट मामलों वाले ग्रामों को छोड़कर किसी भी परिस्थिति में 2500 से कम खेसरो वाले ग्राम का प्रारूप अधिकार अभिलेख 30 जून तक प्रकाशित करना सुनिश्चित किया जाए और इसके लिए स्पष्ट रूप से प्रतिवेदन तैयार किया जाए कि मई के द्वितीय सप्ताह से जून के अन्तिम सप्ताह तक प्रत्यके सप्ताह में कितने राजस्व ग्रामों का प्रारूप अधिकार अभिलेख प्रकाशित किया जाएगा।

(iv) सभी जिलों के पदाधिकारियों को स्पष्ट रूप से बताया गया कि यदि ज़िला द्वारा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप प्रगति नहीं कराई जाती है तो उनके विरूद्ध कार्रवाई की अनुशंसा राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग को कर दी जाएगी।

**निदेशक**<br>भू–अभिलेख एवं परिमाप<br>बिहार, पटना।

**ज्ञापांक** : 03/भू0अ0नि0 (04) वि0सर्वे0–12/2023....4236....**पटना, दिनांक** 12/05/2023

**प्रतिलिपिः** समाहर्त्ता–सह–बन्दोबस्त पदाधिकारी, किशनगंज/बन्दोबस्त पदाधिकारी, शेखपुरा/बेगूसराय/लखीसराय/बांका/शिवहर/सीतामढ़ी/प0चम्पारण/सुपौल/जहानाबाद/अररिया/अपर समाहर्त्ता–सह–प्रभारी पदाधिकारी, बन्दोबस्त, नालंदा/मुंगेर/अरवल/जमुई/सहरसा/मधेपुरा/कटिहार/पूर्णियाँ/किशनगंज/शेखपुरा/बेगूसराय/लखीसराय/खगड़िया/बांका/शिवहर/सीतामढ़ी/पश्चिमी चम्पारण/सुपौल/जहानाबाद/अररिया को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

**निदेशक**<br>भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** : 03/भू0अ0नि0 (04) वि0सर्वे0–12/2023....4236....**पटना, दिनांक** 12/05/2023

**प्रतिलिपिः** प्रशाखा पदाधिकारी/निदेशालय में पदस्थापित सभी जिलों के नोडल पदाधिकारी/प्रभारी, आई0टी0 सेल, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

**निदेशक**<br>भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** : 03/भू0अ0नि0 (04) वि0सर्वे0–12/2023......4236......**पटना, दिनांक**...12/05/2023...

**प्रतिलिपिः** जिलों से संबंधित तीनों हवाई सर्वेक्षण एजेंसियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** : 03/भू0अ0नि0 (04) वि0सर्वे0–12/2023......4236......**पटना, दिनांक**...12/05/2023...

**प्रतिलिपि** : अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप
12/5/23